nandgaon times march-30-4.qxd 3/29/2026 10:59 PM Page 1




सोशल मीडिया इफेक्ट: अपेक्षा से कम रही... पृष्ठ 2 | सोशल मीडिया इफेक्ट: अपेक्षा से... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




सोमवार, 30 मार्च 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 164, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## मन की बात में छत्तीसगढ़ के जल संवर्धन प्रयासों को मिली राष्ट्रीय पहचान, अब इसे जन आंदोलन बनाना हमारा संकल्प - मुख्यमंत्री साय

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुनी च्मन की बातज् की 132वीं कड़ी, जल संरक्षण में छत्तीसगढ़ बना देश के लिए मिसाल : कोरिया जिले के जल संरक्षण मॉडल की प्रधानमंत्री ने की सराहना




**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम च्मन की बातज् की 132वीं कड़ी सुनी और इसे राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणादायी बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देश के कोने-कोने में हो रहे सकारात्मक नवाचारों और जनभागीदारी को राष्ट्रीय मंच प्रदान कर समाज में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोरिया जिले के किसानों के जल संरक्षण प्रयासों की सराहना छत्तीसगढ़ के लिए अत्यंत गर्व और प्रेरणा का विषय है। यह दर्शाता है कि प्रदेश में जमीनी स्तर पर हो रहे कार्य अब राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि च्आवा पानी झोंकीज् जैसे अभिनव मॉडल के माध्यम से किसानों ने अपने खेतों में रिचार्ज तालाब और सोख्ता गड्ढों का निर्माण कर वर्षा जल को सहेजने का सराहनीय कार्य किया है। यह जनभागीदारी आधारित पहल आज भूजल स्तर में सुधार की एक सशक्त मिसाल बन चुकी है और अन्य क्षेत्रों के लिए भी मार्गदर्शक बन रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल संरक्षण अब एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है और छत्तीसगढ़ में भी इसे जनभागीदारी से जोड़ते हुए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से जल संरक्षण को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और इसमें सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि च्मन की बातज् कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा मत्स्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता, फिटनेस को बढ़ावा, शुगर इंटेक में कमी और खेलों के लिए अनुकूल वातावरण निर्माण जैसे विषयों पर दिए गए संदेश अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने, युवाओं को खेलों से जोड़ने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने पश्चिमी एशिया में उत्पन्न परिस्थितियों के संदर्भ में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि देश हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है और केंद्र तथा राज्य सरकारें समन्वय के साथ कार्य कर रही हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ में पेट्रोलियम उत्पादों, रसोई गैस और अन्य आवश्यक वस्तुओं की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुचारु और सामान्य है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अफवाहों से दूर रहें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही



विश्वास करें। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जनभागीदारी की शक्ति के साथ जल संरक्षण को और मजबूत कर छत्तीसगढ़ को सुरक्षित, समृद्ध और जल-संपन्न भविष्य की ओर ले जाने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा प्रदेश निरंतर नवाचार, सहभागिता और सुशासन के माध्यम से विकास की नई दिशा तय कर रहा है। इस अवसर पर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार श्री कृष्णा दास सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## विपरीत वैश्विक परिस्थितियों में पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में कमी, भारत ने दिया मजबूती का संदेश



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विपरीत वैश्विक परिस्थितियों के बीच केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल एवं डीजल पर उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) में कमी किए जाने के निर्णय का जिला भाजपा अध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत ने स्वागत करते हुए इसे आमजन को राहत देने वाला ऐतिहासिक एवं जनहितकारी कदम बताया है। श्री राजपूत ने कहा कि आज जब पूरी दुनिया आर्थिक चुनौतियों और वैश्विक संकटों से जूझ रही है, ऐसे समय में भारत सरकार ने अपने नागरिकों के हित को सर्वोपरि रखते हुए यह साहसिक निर्णय लिया है। इससे न केवल आम जनता को महंगाई से राहत मिलेगी, बल्कि परिवहन लागत में कमी आने से समग्र अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि यह निर्णय इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारत किसी भी विपरीत परिस्थितियों से घबराने वाला नहीं है, बल्कि मजबूती और आत्मविश्वास के साथ चुनौतियों का सामना करते हुए निरंतर आगे बढ़ने वाला राष्ट्र है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने हर संकट को अवसर में बदलने की क्षमता दिखाई है और यह निर्णय उसी दिशा में एक और सशक्त कदम है। जिला भाजपा अध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि केंद्र सरकार का यह कदम आम जनता के प्रति उसकी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे देशवासियों में विश्वास और उत्साह का संचार होगा तथा भारत की वैश्विक छवि एक मजबूत और निर्णायक राष्ट्र के रूप में और सुदृढ़ होगी।

## वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्णा तिवारी को मिली नई जिम्मेदारी, कार्यकर्ताओं में हर्ष

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्णा तिवारी को भारतीय जनता पार्टी के जिला सहकारिता प्रकोष्ठ का मीडिया प्रभारी नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। भाजपा ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं ने इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि कृष्णा तिवारी के संगठनात्मक अनुभव, सक्रियता और पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए यह जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। उनके नेतृत्व में सहकारिता प्रकोष्ठ के कार्यों को नई गति मिलेगी तथा संगठन और अधिक मजबूत होगा। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि कृष्णा तिवारी अपनी नई जिम्मेदारी का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए पार्टी की नीतियों एवं योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## सुकमा में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता : 5 लाख का इनामी नक्सली कमांडर ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में रविवार सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई जबरदस्त मुठभेड़ में एक खूंखार नक्सली कमांडर मारा गया है। मारे गए नक्सली की पहचान मुचाकी कैलाश के रूप में हुई है, जिस पर शासन ने 5 लाख रुपये का इना

**पोलमपल्ली के जंगलों में हुई मुठभेड़**

सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि रविवार सुबह डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (छ्रक्रत्र) की एक टीम पोलमपल्ली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पहाड़ी जंगली इलाकों में तलाशी अभियान पर निकली थी। इसी दौरान घात लगाए बैठे नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की। काफी देर तक चली रुक-रुक कर फायरिंग के बाद जब मौके की तलाशी ली




गई, तो एक वर्दीधारी नक्सली का शव और हथियार बरामद हुए।

**कौन था मुचाकी कैलाश ?**

मारे गए नक्सली मुचाकी कैलाश के बारे में पुलिस ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है। वह नक्सलियों की प्लाटून नंबर 31 में सेक्शन कमांडर के पद पर तैनात था। उस पर निर्दोष ग्रामीणों की हत्या,के अलावा सुरक्षाबलों पर हमलों और आईईडी ब्लास्ट की कई बड़ी साजिशों में शामिल था। सरकार ने उसकी गिरफ्तारी पर 5 लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया था। इस मुठभेड़ के बाद बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी. ने शेष नक्सलियों से अपील की है कि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौट आएं। उन्होंने कहा नक्सलियों के पास आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति का लाभ उठाने का यह आखिरी अवसर है। समय बहुत सीमित है, वे समझदारी दिखाएं और सरेंडर करें।

### शीतला माता मंदिर परिसर में जनसुविधा विस्तार की दिशा में बड़ा कदम

## 0 शेड निर्माण के भूमिपूजन में शामिल हुई जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आमगांव (कुमर्दा) में धार्मिक आस्था और ग्रामीण विकास का ऐतिहासिक संगम देखने को मिला, जहां शीतला माता मंदिर के सामने भव्य शेड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। साथ ही इस अवसर पर श्री हीरालाल नेताम संरपंच,श्री चन्द्रभान साहू ग्राम पटेल,श्री योगेन्द्र गजपाल अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, श्री अगनु राम साहू, समिति के अध्यक्षगण व सदस्य श्री देवेन्द्र साहू, श्री भूषण साहू, श्री घसीया राम साहू, श्री सूरज राम साहू, श्री अजीत देवांगन, श्री भगवानी राम साहू, श्री देवनाथ साहू सहित ग्रामवासी व सदस्यगण उपस्थित थे। पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुए भूमिपूजन में स्थानीय ग्रामीणों की उत्साहित उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया। शीतला माता मंदिर



परिसर में प्रस्तावित यह शेड ग्रामीणों के लिए आगामी वर्षों में धार्मिक कार्यक्रम, सामाजिक बैठकों, सार्वजनिक आयोजन, यात्रियों के ठहराव और बरसात-धूप से सुरक्षा हेतु महत्वपूर्ण सुविधा प्रदान करेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने कहा—च्ग्रामीणों की आस्था और सुविधा दोनों को ध्यान में रखते हुए शीतला माता मंदिर परिसर का विकास हमारी प्राथमिकता है। यह शेड केवल एक निर्मित संरचना नहीं, बल्कि ग्रामीणों की भावना, धर्म और विकास का प्रतीक है। जनभागीदारी से होने वाले कार्य सदैव सफल और स्थायी होते हैं। उन्होंने ग्रामवासियों के सहयोग, समर्पण और सामाजिक एकजुटता की सराहना करते हुए आश्वस्त किया कि शेड निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ और निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को शीघ्र ही इसका लाभ मिल सके।

## भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ ग्राम बोरी में मनाई गई भक्त माता कर्मा जयंती

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम बोरी में साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन बड़े ही श्रद्धा, उत्साह एवं धूमधाम के साथ स्थानीय कर्मा भवन में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत बोरी के सरपंच जीवन लाल साहू रहे, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम साहू समाज बोरी के अध्यक्ष किशन साहू ने की। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश शोभा यात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं युवा शामिल हुए। भजन मंडली की मधुर प्रस्तुति के साथ शोभायात्रा पूरे गांव में निकाली गई। गली-गली भ्रमण के पश्चात कर्मा माता की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती संपन्न की गई। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में भक्त माता कर्मा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके आदर्शों और कर्तव्यों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया गया। आभार प्रदर्शन खुमान दास साहू द्वारा किया गया। पूरा आयोजन शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।



## जनता का कलेक्टर : जमीन पर उतरा प्रशासन, भरोसे में बदला सिस्टम रिपोर्ट









**विशेष संवाददाता**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव जिले में प्रशासन की कार्यशैली को लेकर जो चर्चा है, वह अब धारणा नहीं बल्कि जमीनी हकीकत बन चुकी है। मध्यम वर्ग, गरीब और ग्रामीण तबके के बीच यह भरोसा साफ दिख रहा है कि प्रशासन अब केवल सुन नहीं रहा, बल्कि तय समय में समाधान भी दे रहा है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण राजस्व मामलों में देखने को मिला है, जहां नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे जटिल प्रकरणों में 205 मामलों का निपटारा 5 दिनों के भीतर हो चुका है, और यही गति आगे भी बनी हुई है। इस बदलाव के पीछे कलेक्टर जितेंद्र यादव की सख्त मॉनिटरिंग और स्पष्ट जवाबदेही रही है। बैठकों में दिए गए लक्ष्य की नियमित समीक्षा हो चुकी है और अधिकारियों की प्रगति पर लगातार नजर रखी गई है। यही कारण है कि जो काम पहले महीनों में होता था, वह अब दिनों में सिमट गया है। साथ ही, केवल दफ्तरों तक सीमित रहने के बजाय अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर योजनाओं की वास्तविक स्थिति देखने, गांवों की जरूरत समझने और प्रस्ताव तैयार कराकर स्वीकृति दिलाने की व्यवस्था स्थापित हो चुकी है। प्रशासन की संवेदनशीलता का असर छोटे मामलों में भी दिखा है। एक ग्रामीण महिला की शिकायत पर अवैध निर्माण को तत्काल हटाया जा चुका है, जिससे आम लोगों में यह विश्वास बना है कि अब हर शिकायत पर कार्रवाई संभव है। प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और गड़बड़ियों पर कार्रवाई का सिस्टम भी प्रभावी रूप से लागू हो चुका है, जिससे अनियमितताओं पर काफी हद तक रोक लगी है। अवैध कालोनियों में जो उनका बुलडोजर चला है वह इतना प्रबल व प्रभावी साबित हुआ है कि इसमें लिप्त लोग आगे कुछ करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। जल संरक्षण के क्षेत्र में भी प्रशासन ने ठोस कदम उठाए हैं। जिले में लंबे समय से यह समस्या रही है कि नहरों का पानी काटकर चोरी से धान की खेती की जाती थी और बोरवेल से भी अत्यधिक पानी निकाला जाता था। इस पर सख्ती करते हुए ऐसे कृत्यों को अपराध की श्रेणी में लेते हुए रबी फसल के दौरान फील्ड पर गश्त के साथ खड़ी नजर रखी गई जिसका परिणाम भी काफी सार्थक रहा। इसके साथ ही, केवल दंडात्मक कदमों पर निर्भर रहने के बजाय गांव-गांव जाकर किसानों को समझाइश दी जा चुकी है, जिससे जल संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ी है। इसी कड़ी में फसल परिवर्तन को लेकर जो पहल की गई, वह अब जमीन पर परिणाम देने लगी है। **राजनांदगांव जिला महराष्ट्र और मध्यप्रदेश राज्यों से जुड़े रहने के कारण धान चोरी छिपे आता था जिसे शत प्रतिशत नाकाम कर दिया प्रशासन ने,** धान की फसल के बाद रबी सीजन में कलेक्टर श्री यादव की निगरानी में किसानों से सीधे संवाद हो चुका है, विभागों के बीच समन्वय स्थापित हो चुका है और चना, मक्का सहित वैकल्पिक फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी की पुख्ता व्यवस्था की गई है और कलेक्टर जितेंद्र यादव स्वयं खरीदी केदो पर जा रहे हैं। वे शायद फसल चक्र परिवर्तन उपरांत किसानों को होने वाले फायदे को वे जगजाहिर कर किसानों को इसके लिए प्रोत्साहित करने की सोच रखते हैं और शायद इसके चलते ही वे इसमें इतनी रुचि लेते दिखाई दे रहे हैं। बैंकिंग संस्थाओं और कृषि विभाग के साथ तालमेल बनाकर किसानों को भरोसा दिलाया जा चुका है कि फसल बदलने पर उन्हें नुकसान नहीं होगा। इससे किसानों में धीरे-धीरे भरोसा बन रहा है कि वैकल्पिक फसलें केवल विकल्प नहीं, बल्कि आय का स्थायी साधन बन सकती हैं। जल संरक्षण की दिशा में जो काम पहले शुरू हुआ था, उसे आगे बढ़ाते हुए प्रशासन ने निरंतरता बनाए रखी है। इस अभियान की नींव पूर्व में जिला पंचायत स्तर पर तत्कालीन सीईओ अमित कुमार द्वारा रखी जा चुकी थी, जिसे बाद में सूरुची सिंह (आईएएस) ने प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया और इसके लिए उन्हें राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। वर्तमान कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने उसी सोच को आगे बढ़ाते हुए इसे और मजबूत करते हुए नजर आ रहे है। कलेक्टर की कार्यशैली में सख्ती के साथ सरलता का संतुलन भी नजर आता है। इसी के चलते इस वर्ष उन्होंने रबी के सीजन में धान की बुवाई पर अच्छा प्रभावीअंकुश लगाया जिसमें उन्हें सिंचाई विभाग का भरपूर एवं अपेक्षित सहयोग मिला। कलेक्टर जितेंद्र यादव आदेश देने तक ही सीमित नहीं रहे, बल्कि खुद फील्ड में जाकर, किसानों, अधिकारियों और संस्थाओं से संवाद कर चुके हैं और पूरे सिस्टम को जमीन पर खड़ा कर चुके हैं। **निष्कर्ष, जिले में प्रशासन अब कागजों से निकलकर जमीन पर काम करता हुआ दिखाई दे रहा है। लोगों के अनुभव में यह बदलाव साफ झलक रहा है- अब सरकार दूर नहीं, हमारे बीच काम करती हुई दिख रही है।**

## समनापुर में आक्रामक हनुमान लंगूर का सफल रेस्क्यू, वन विभाग की त्वरित कार्रवाई

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**क़बीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कवर्धा से भोमरदेव मार्ग पर समनापुर के समीप एक हनुमान लंगूर द्वारा राहगीरों एवं स्थानीय निवासियों पर हमला कर उन्हें घायल करने की सूचना प्राप्त होने पर, वनमंडलाधिकारी कवर्धा निखिल अग्रवाल द्वारा तत्काल संज्ञान लिया गया। उनके निर्देशन एवं उपवनमंडलाधिकारी कवर्धा अभिनव केसरवानी के मार्गदर्शन में कवर्धा परिक्षेत्र एवं उड़नदस्ता टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान डॉ. जडिया, पशु चिकित्सक एवं उनकी टीम के सहयोग से हनुमान लंगूर को ट्रेंकुलाइज कर सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू उपरांत उसे सुरक्षित रूप से बोड़ला स्थित पिंजरे में निगरानी हेतु रखा गया है। पशु चिकित्सक की सलाह अनुसार हनुमान लंगूर की स्थिति का आगामी 2 दिनों तक निरंतर अवलोकन किया जाएगा। स्वास्थ्य सामान्य पाए जाने पर उसे सुरक्षित रूप से वन क्षेत्र में छोड़ दिया जाएगा। वन विभाग द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि वन्यजीवों से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल वन विभाग को दें तथा ऐसी स्थिति में स्वयं हस्तक्षेप करने से बचें।



## अभिव्यक्ति महोत्सव में जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव हुई शामिल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जोशीलमती की पावन धरा पर मंच संचालक समिति छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित अभिव्यक्ति महोत्सव ने इस वर्ष सांस्कृतिक समृद्धि और परंपराओं के संरक्षण का एक अभूतपूर्व उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई जिला पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव, जिनकी उपस्थिति से समारोह की गरिमा और भी बढ़ गई। साथ ही इस अवसर पूर्व पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू, जिला पंचायत सभापति श्रीमती बिरम मंडावी, जिला भाजपा किसान मोर्चा महामंत्री श्री घासी साहू,भाजपा मंडल गैंदाटोला अध्यक्ष श्री खिलेश्वर साहू, ग्राम के संरपंच श्रीमती गोमती साहू,उप संरपंच श्री चित्रागण साहू ,राजेश साहू ,गणेश यदू, विवेकानंद साहू ,धन्नजय साहू उपस्थित रहे। प्रात:काल मंत्रोच्चारण, पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। वर्षों से मंच संचालन के क्षेत्र में सक्रिय अभिव्यक्ति मंच के इस वार्षिक उत्सव में प्रदेश के वरिष्ठ मंच संचालक, युवा उद्घोषक, लोक कलाकार, संगीतकार एवं सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन स्थल पर सुबह से ही ग्रामीणों और दूर-दराज़ से आए कला-प्रेमियों का तांता लगा रहा, जिससे पूरा ग्राम मेले के रूप में तब्दील दिखाई दिया। कार्यक्रम की मुख्य झलकियों में प्रदेशभर के कलाकारों और संचालकों की गरिमामयी उपस्थिति प्रमुख रही। पहली बार ग्राम जोशीलमती में आयोजित इस राज्य स्तरीय महोत्सव में अनुभवी संचालकों ने मंच कला, अभिव्यक्ति कौशल और सामाजिक संदेशों से ओतप्रोत संचालक शैली की अद्भुत झलक प्रस्तुत की। वरिष्ठ साथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया, वहीं उभरते हुए युवा मंच संचालकों ने अपनी सशक्त प्रस्तुति से सबका मन जीता।




### - नाम परिवर्तन-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम पक्छाल जैन गोलछा (PAKCHAL JAIN GOLCHA) आ. सतीश कुमार जैन गोलछा दर्ज है जिसे मैंने बदल कर पक्छाल गोलछा (PAKCHHAL GOLCHHA) आ. सतीश कुमार गोलछा (SATISH KUMAR GOLCHHA) कर लिया है। अब से मेरे पुत्र को नए नाम पक्छाल गोलछा (PAKCHHAL GOLCHHA) आ. सतीश कुमार गोलछा SATISH KUMAR GOLCHHA) से जाना-पहचाना व पुकारा जाये एवं समस्त शासकीय/अर्धशासकीय दस्तावेजो में दर्ज किया जावे. उक्त नाम परिवर्तन सुचना छ.ग. के राजपत्र में प्रकाशन हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है। **सुचना जाने**

शपथकर्ता

**सतीश कुमार गोलछा**
**आ. हेमचंद जैन**
**निवासी मकान नं 320 वार्ड नं 38,**
**राजीव नगर, राजनांदगाँव**
**जिला राजनांदगाँव छत्तीसगढ़**



## कार्यालय जिला पंचायत राजनांदगांव (छ.ग.)

### विज्ञापन

**क्रमांक /6928/हक्ररुरू/संविदा नियुक्ति/2026 राजनांदगांव, दिनांक/03/2026**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिला राजनांदगांव, मोहला मानपुर-अं.चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई अंतर्गत जिला/विकासखण्ड स्तर पर रिक्त विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक के 2 पद, क्षेत्रीय समन्वयक के 9 पद, लेखापाल के 2 पद, कार्यालय सहायक सह डाटा एंट्री ऑपरेटर के 2 पद, लेखा सह एम.आई.एस. सहायक के 2 पद तथा मृत्य के 1 पद पर संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन निर्धारित प्रारूप में रजिस्टर्ड डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय जिला पंचायत राजनांदगांव में अंतिम तिथि 17/04/2020 को कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक आमंत्रित किया गया है।

विज्ञापित पदों की भर्ती के लिए विज्ञापन की प्रति, आवेदन पत्र का प्रारूप प विस्तृत नियम एवं शर्ते कार्यालय जिला पंचायत राजनांदगांव के सूचना पटल पर देखा जा सकता है तथा जिला राजनांदगांव की वेबसाईट minandgon.nic.in से अवलोकन एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जिला पंचायत राजनांदगांव (छ.ग.)**

Samvad 47325/3


### सप्ताह के सितारे (29 मार्च 2026)

## दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 1- 2- 8- 9 | 12-21-18-81-28-82 |
| मंगल | 2- 4 - 7 - 0 | 24-42-27-72-47-74 |
| बुध | 3- 5 - 7 - 8 | 57-75-58-85-78-87 |
| गुरू | 1- 4 - 5 - 9 | 14-41-15-51-45-54 |
| शुक्र | 2 - 5 - 7 - 8 | 17-71-25-52-48-84 |
| शनि | 3 - 4 - 6- 0 | 46-64-47-74-68-86 |

**अंकों का बादशाह -2 सप्ताह में अचूक 3 - 6 - 7 - 0**
**सप्ताह का वरदान -4 स्पेशल - 11- 32 -95 -65**

**सप्ताह में देखे**

(1) 13 - 16 - 17 - 10 (6) 63 - 66 - 67- 60
(2) 23 - 26 - 27 - 20 (7) 73 - 76 - 77 - 70
(3) 33 - 36 - 37 - 30 (8) 83 - 86 - 87 - 80
(4) 43 - 45 - 47 - 40 (9) 93 - 96 - 97 - 90
(5) 53 - 56 - 57 - 50 (10) 03 - 06 - 07 - 00

**बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड**

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 97-49-71-17-12-33 | 76-39-48-53-09 |
| 13-94-**-90-56-63 | 47-03-**-48-65 |
| 70-21-30-88-15-54 | 16-56-05-43-09 |
| 58-13-72-25-06-82 | 56-21-02-20-38 |
| 17-59-42-51-77-11 | 34-46-03-46-64 |

**चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।**

**संपादक**

# मध्यप्रदेश ने महाराष्ट्र को 5-3 हराकर जीती अस्मिता वेस्ट जोन जूनियर बालिका हॉकी लीग

## मेजबान छत्तीसगढ़ रही तीसरे स्थान पर उपस्थित अतिथियों के हाथों खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में भारत सरकार के सांई सेंटर व हॉकी इंडिया, के द्वारा संचालित व छत्तीसगढ हॉकी द्वारा आयोजित अस्मिता हॉकी वेस्ट जोन हॉकी लीग के फायनल मुकाबले में मध्यप्रदेश ने महाराष्ट्र को 5-3 गोल से पराजित कर स्वर्ण पदक के साथ विजेता बनी ,महाराष्ट्र रजत पदक के साथ उपविजेता व तीसरे स्थान पर मेजबान छत्तीसगढ़ ने कॉस्य पदक जीता । प्रतियोगिता का समापन व पुरूस्कार वितरण समारोह श्रीमती वैशाली जैन सी.एस.पी. राजनांदगांव के मुख्यआथित्य में, श्रीमती नीता नायर खेल अधिकारी कमला कॉलेज,सुश्री आशा थॉमस कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी,श्रीमती शबनम अंसारी अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी तथा कु दिव्या (बास्केटबॉल कोच साई) के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ, इस अवसर पर फिरोज अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ हॉकी, श्री शिव नारायण धकेता सचिव जिला हॉकी संघ, श्री मृणाल चौबे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी,श्री नीलमचंद जैन,श्री भूषण साव,श्री चंदन भारद्वाज अशोक नागवंशी आदि विशेष रूप से उपस्थित थे । समापन समारोह में मुख्यअतिथि श्रीमती जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मैदान में बालिका खिलाड़ियों को देखकर लग रहा है कि काश में भी किसी न किसी स्पोर्ट्स से जुड़ी रहती , मुझे आप सभी खिलाड़ियों को देख कर बहुत ही अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा कि अनुशासन में रहते हुए खेलने से आपको आपकी मंजिल की प्राप्ति जरूर होती है खिलाड़ी अपने समय को खेल में ही यूटिलाइज्ड करते हैं ये आने वाले यूथ के लिए संकेत है ।खेलने से खिलाड़ी न केवल फिट रहता है बल्कि स्वास्थ्य भी ठीक रहता,है इस प्रकारवके आयोजन से खिलाड़ियों के हुनर को निखारने का कार्य छत्तीसगढ हॉकी द्वारा किया जा रहा है इसके लिए मै बधाई देती हु।



छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष श्री फिरोज अंसारी ने अपने स्वागत भाषाण में कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण,हॉकी इंडिया एवं छत्तीसगढ हॉकी के संयुक्त तत्वाधान में बालिका हॉकी को बढावा देने के उद्धेश्य से अस्मिता वेस्ट जोन हॉकी लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ,भारत सरकार एवं हाकी इंडिया की इस पहल से खिलाडियों को उचित मंच मिल रहा है! अस्मिता वेस्ट जोन हाक़ी लीग दिनांक 20 से 29 मार्च तक आयोजित की गई !जिसमें 20 से 24 मार्च तक सब जूनियर बालिका वर्ग तथा दिनांक 26 से 29मार्च तक जूनियर बालिका वर्ग में आयोजित की गई,इसी संदर्भ में राजनांदगाँव में आयोजित प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर की जोन से संबंधित कुल चार टीमें महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान सहित मेजबान छत्तीसगढ़ की टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम चार स्थान तक आने वाली टीमों को नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया, जिसमे प्रथम पुरस्कार 180000 /- द्वितीय पुरस्कार 144000 तीसरा और चौथा पुरस्कार 90000 रुपये का चेक मैडल और ट्रॉफी उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रदान की गई।

**फायनल मैच में मध्यप्रदेश ने महाराष्ट्र को हराया**

हॉकी स्टेडियम में आज खेले फाइनल मैच में हॉकी मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के मध्य खेला गया फायनल मैच में मध्यप्रदेश ने महाराष्ट्र को 5-3 गोल से पराजित किया मैच के प्रारंभ में ही द्व15वे मिनट निकू ने गोल कर 1-0 की बढ़त बनाई थी! मैच के 19वे मिनट में मध्यप्रदेश की ओर से काजल ने गोल कर 1-1 की बराबरी पर ला दिया ,25वे मिनट में सान्या सैयद,तथा काजल ने गोल कर स्कोर 3-1 कर दिया ।महाराष्ट्र की संजना ने मैच के 36वे मिनट में गोल कर स्कोर 3-2 पर ला दिया ! इसके बाद मैच के 37वे मिनट में संजना ने पुन: गोल करते हुए स्कोर को 3-3 गोल की बराबरी पर ला दिया । मैच के 50वे और 54 वे मिनट में हॉकी मध्यप्रदेश की ओर से काजल ने लगातार गोल कर 5-3 के स्कोर से मैच जीत कर अस्मिता जूनियर बालिका का खिताब अपने नाम किया। आज के मैच में प्रिया दुबे,अनामिका शर्मा,राजवीर कौर,कुलदीप कौर, खुशबू सिसोदिया,अमृता सेन,पिंकी नायक,ईशानी पटेल ने निर्णायक व तकनीकी अधिकारी की भूमिका निभाई वहीं वंदन रघुवंशी टेक्निकल डेलीगेट के रूप में उपस्थित थीं कार्यक्रम का संचालन मृणाल चौबे तथा आभार प्रदर्शन भूषण साव ने किया! समापन समारोह में प्रमुख रूप से गुणवंत पटेल,प्रिंस भाटिया,किशोर धीवर, शब्बीर हैदरी, तीरथ गिरी गोस्वामी,शकील अहमद,दिग्विजय श्रीवास्तव, शिवा चौबे,दीपक यादव ,दिलीप रावत, सचिन खोबरागडे,हारून खान,राजेश निर्मलकर,,तौफीक अहमद, कृष्णा यादव आदि उपस्थित थे।

## जनहित के मुद्दों पर भाजपा से सवाल पूछते रहेंगे - संगीता देवांगन

### वर्षा शरद सिन्हा के बयान पर जोरदार पलटवार



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम की राजनीति में एक बार फिर बयानबाज़ी तेज हो गई है। कांग्रेस पार्षद संगीता युधिष्ठिर देवांगन ने भाजपा पार्षद वर्षा शरद सिन्हा के बयान पर जोरदार पलटवार करते हुए साफ कहा है कि जनहित के मुद्दों पर सवाल उठाना उनका अधिकार ही नहीं, बल्कि कर्तव्य भी है। उन्होंने दो टूक कहा कि चाहे मामला बिजली खंभों की सुरक्षा का हो, शहर में बढ़ते नशे का हो या फिर भ्रष्टाचार के आरोपों का विपक्ष हर मुद्दे पर सत्ता पक्ष से जवाब मांगता रहेगा। श्रीमती देवांगन ने भाजपा नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जनता की समस्याओं पर विपक्ष को आत्ममंथन की सलाह देना सत्ताधारी दल को शोभा नहीं देता। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिजली के खंभों का मुद्दा उठाना कोई सस्ती लोकप्रियता नहीं बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर विपक्ष की आवाज सत्ता पक्ष को चुभ रही है तो इसका सीधा मतलब है कि विकास केवल कागजों और भाषणों तक सीमित है, ज़मीन पर नहीं। श्रीमती देवांगन ने शहर के गुडाखू लाइन क्षेत्र का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि सार्वजनिक कुएं को पाटकर वहां अवैध दुकानें खड़ी की गई हैं। उन्होंने सवाल उठाया इन दुकानों का किराया आखिर किसकी जेब में जा रहा है साथ ही उन्होंने संकेत दिए कि विपक्ष के पास भ्रष्टाचार से जुड़े 2-3 और बड़े मामलों की जानकारी है जिनका खुलासा जल्द किया जाएगा। कांग्रेस पार्षद ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में अफीम की अवैध खेती पर लगाम लगाने में विफलता साफ नजर आ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि युवा पीढ़ी को नशे के गर्त में धकेला जा रहा है जबकि सत्ता पक्ष इस पर जवाब देने के बजाय विपक्ष को चुप रहने की सलाह दे रहा है। अपने बयान के अंत में संगीता देवांगन ने साफ कहा हम जनता के पहरेदार हैं।

## विद्यार्थियों ने सैयद अफजाल अहमद रिज़वी मूट कोर्ट प्रतियोगिता में सहभागिता कर गौरव बढ़ाया



**रायपुर/राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पं. किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय, राजनांदगांव के विद्यार्थियों ने आईटीएम यूनिवर्सिटी, रायपुर द्वारा आयोजित सैयद अफ़ज़ाल अहमद रिज़वी मूट कोर्ट प्रतियोगिता् में उत्साहपूर्वक सहभागिता कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों अनिरुद्ध विधि एवं पूर्वा ने भाग लिया और अत्यंत प्रभावशाली ढंग से अपने पक्ष को प्रस्तुत किया। छात्रों ने विधिक तथ्यों, प्रासंगिक न्यायिक दृष्टांतों तथा तार्किक तर्कों के माध्यम से उत्कृष्ट वकालत कौशल का प्रदर्शन किया, जिसकी सराहना निर्णायक मंडल द्वारा भी की गई। प्रतियोगिता के अंत में दोनों प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण-पत्र एवं पदक प्रदान किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. निमिषा मिश्रा एवं मूट कोर्ट प्रभारी सहायक प्राध्यापक सुश्री सुरभि अग्रवाल विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें प्रतियोगिता के लिए तैयार किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया। मूट कोर्ट प्रतियोगिताएँ विधि के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं, क्योंकि इनके माध्यम से उन्हें न्यायालयीन कार्यवाही का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है। इस प्रतियोगिता में भाग लेकर छात्रों ने— विधिक अनुसंधान की क्षमता विकसित की, मौखिक एवं लिखित प्रस्तुतीकरण कौशल में सुधार किया, न्यायालयीन शिष्टाचार एवं प्रक्रिया की समझ प्राप्त की, आत्मविश्वास एवं तर्क शक्ति को सुदृढ़ किया। प्राचार्या डॉ. निमिषा मिश्रा ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों में सहभागिता विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है।

## केंद्र की वाहवाही छोड़िए, विष्णु देव साय सरकार से VAT कम करवाइए तब जनता को राहत मिलेगी- संतोष पिल्लै



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्लई ने भाजपा के लोगों के बयान पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह '10त्न कटौती' का राग अलापना केवल जनता को गुमराह करने की कोशिश है। साय सरकार से VAT घटाने की मांग क्यों नहीं ?: श्री पिल्लै ने सीधे तौर पर चुनौती देते हुए कहा, यदि भाजपा को छत्तीसगढ़ की जनता की इतनी ही चिंता है, तो उनके वरिष्ठ नेता प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार को पत्र लिखकर पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले VAT (Value Added Tax) को घटाने की मांग क्यों नहीं करते? केंद्र की मामूली राहत का ढिंढोरा पीटने वाले स्थानीय नेता अपनी ही राज्य सरकार से जनता को बड़ी राहत दिलाने की हिम्मत क्यों नहीं जुटा पा रहे? लूट का हिसाब दें: भाजपा ने 10 सालों में एक्साइज ड्यूटी बढ़ाकर लाखों करोड़ों रुपये जनता की जेब से निकाले हैं। अब जब विपक्ष के दबाव में मामूली कटौती की गई है, तो इसे 'दक्षता' का नाम देना हास्यास्पद है। महंगाई का जवाब नहीं: क्या इस 10 प्रतिशत की कटौती से रसोई गैस के दाम 2014 के स्तर पर आ गए? क्या किसानों को मिलने वाला डीजल सस्ता हुआ? भाजपा केवल हेडलाइंस की राजनीति कर रही है, जबकि धरातल पर जनता महंगाई से त्रस्त है।केंद्र की चापलूसी करने के बजाय राजनांदगांव की उन महिलाओं और युवाओं की चिंता करनी चाहिए जिनकी थाली से महंगाई ने निवाला छीन लिया है। असली राहत तब होगी जब छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार वैट कम करेगी और राज्य की जनता को सीधा फायदा पहुँचाएगी। दोहरी मार: जनता पर दोतरफा मार पड़ती है ,एक केंद्र का टैक्स और दूसरा राज्य का वैट। केंद्र ने थोड़ा घटाया, तो राज्य की भाजपा सरकार चुप क्यों है? कांग्रेस कार्यकाल ( भूपेश बघेल सरकार): नवंबर 2021 में जब केंद्र ने एक्साइज ड्यूटी घटाई थी, तब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने भी वैट में 1त्न से 2त्न की कटौती की थी ताकि जनता को दोहरी राहत मिले।भाजपा कार्यकाल (विष्णु देव साय सरकार): दिसंबर 2023 में सत्ता में आने के बाद से अब तक साय सरकार ने वैट VAT में कोई बड़ी कटौती नहीं की है, जबकि चुनाव पूर्व मोदी की गारंटी में पेट्रोल-डीजल की कीमतों की समीक्षा का वादा किया गया था।

## भक्त मां कर्मा रामनवमी पर संत सुंदरदास महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई

### दीपोत्सव से जगमगाया केसर नगर चौक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** रामनवमी एवं संत शिरोमणि 1008 संत सुंदरदास जी महाराज की जयंती के पावन अवसर पर केसर नगर स्थित सुंदरदास महाराज मार्ग के चौक में भव्य आयोजन किया गया। समाजसेवी अमित खण्डेलवाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र को भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंग दिया। दीपोत्सव और महाआरती के साथ पूरा चौक हजारों दीपों की रोशनी से जगमगा उठा जिससे वातावरण अत्यंत आध्यात्मिक और मनमोहक बन गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 9 बजे अमित टीना खण्डेलवाल द्वारा अपने परिवार सहित संत सुंदरदास जी महाराज की पूजा-अर्चना और माल्यार्पण से हुई। इसके पश्चात सुबह 10 बजे खण्डेलवाल युवा कल्याण संगठन के अध्यक्ष अर्पण खण्डेलवाल, चिराग खण्डेलवाल, अंकित खण्डेलवाल एवं पराग



खण्डेलवाल सहित युवा पदाधिकारियों ने श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण किया। सुबह 11:30 बजे खण्डेलवाल समाज के अध्यक्ष राजेश खण्डेलवाल, दिनेश खण्डेलवाल, अरुण खण्डेलवाल, दिलीप खण्डेलवाल सहित समाज के अन्य सदस्यों ने पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर समाज की महिलाओं में साधना खण्डेलवाल, दीपा खण्डेलवाल, संगीता खण्डेलवाल सहित वैश्य समाज की महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और आरती कर अपनी श्रद्धा अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रजापति ब्रह्माकुमारी संस्थान राजनांदगांव की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहनजी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी रम्भा बहनजी, ब्रह्माकुमार मुरलीधर सोमानी, द्वारिका भाई, सुरेश पाल भाई, लक्ष्मीकांत भाई एवं दीपक शर्मा भाई की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में राजू डागा (महाकाल भक्त), अशोक पांडे सहपरिवार सहित उपस्थित रहे। साथ ही समाजसेवी शारदा तिवारी, टीना खण्डेलवाल, सरला खण्डेलवाल, नीना खण्डेलवाल, सुनील पाबूवाल, महेश खण्डेलवाल, कुशल खण्डेलवाल, कृष्णा, आदित्य, रीतिशा खण्डेलवाल, राजकुमार शर्मा, राजेश शर्मा, सुमित शर्मा, संतोष पटाक, दिगेश भीमजियानी, निलेश श्रीवास्तव, ओमप्रकाश लड्ढा, तथागत पाण्डे एवं प्रवीण गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक अपने परिवारों के साथ उपस्थित रहे। केसर नगर एवं पटेल नगर कॉलोनी के निवासियों ने भी इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लेकर इसे भव्य रूप प्रदान किया।

## उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का नि:शुल्क सोनोग्राफी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत जिले में गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व देखभाल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच, उपचार एवं परामर्श प्रदान दिया जाता है। अभियान अंतर्गत पहला प्रसव ऑपरेशन से, पहले गर्भपात या मृत शिशु का जन्म, वजन या ऊंचाई कम वाली, कम उम्र मं गर्भधारण करने वाली, गंभीर एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह या अन्य बीमारी से ग्रसित महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की जाती है।

कलेक्टर के निर्देशुनसार मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत हाई उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की सूची बनाकर प्रत्येक सप्ताह दूरभाष के माध्यम से स्वास्थ संबंधी जानकारी एवं सलाह दी जा रही है। प्रसव के 15 दिन पूर्व गर्भवती माताओं के घर प्रतिदिवस मितानिनों द्वारा भ्रमण किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि वर्तमान में 1597 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं में 1492 का प्रथम सोनोग्राफी एवं 1100 महिलाओं का द्वितीय बार सोनोग्राफी किया जा चुका है।


### - नाम परिवर्तन-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं संजीव कुमार चंद्रवंशी पिता इन्दराम चंद्रवंशी निवासी ग्राम-पो. - खलारी थाना-तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ0ग0 का निवासी हूं मेरी पुत्री के आधार कार्ड में नाम आराध्या कंवर पिता संजीव कुमार कंवर माता हेमबाई कंवर अंकित हैं जिसे परिवर्तन कर एव अब मेरी पुत्री का नाम आराध्या कंवर AARADHYA KANWAR पिता संजीव कुमार चंद्रवंशी SANJEEV KUMAR CHANDRAVANSHII माता हेमबाई चंद्रवंशी HEMBAI CHANDRAVANSHI के नाम से जाना एव पहचाना जावे । सूचना जाने !

**भवदीय**
**(संजीव कुमार चंद्रवंशी)**
**पिता इन्दराम चंद्रवंशी**
**निवासी ग्राम-पो. - खलारी**
**तहसील डोंगरगढ़**
**जिला-राजनांदगांव**

### - नाम परिवर्तन-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मेरे रेल्वे डिपार्टमेंट आई.डी. कार्ड में उत्तम गजराज (UTTAM GAJRAJ) आ. गजराज यादव दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम उत्तम यादव (UTTAM YADAV) आ. गजराज यादव दर्ज है। यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। अब से केवल एक ही नाम उत्तम यादव (UTTAM YADAV) आ. गजराज यादव से जाना-पहचाना व पुकारा जाये एवं समस्त शासकीय/अर्धशासकीय दस्तावेजो में दर्ज किया जावे. उक्त नाम परिवर्तन सुचना छ.ग. के राजपत्र में प्रकाशन हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है। सुचना जाने

**शपथकर्ता**
**उत्तम यादव आ. गजराज यादव**
**निवासी मकान नं 117 वार्ड नं 08**
**ग्राम मुढीपार तहसील राजनांदगाँव जिला राजनांदगाँव छत्तीसगढ़**

### - नाम परिवर्तन-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मेरे आधार कार्ड में सतिन्देरपाल सिंह टुटेजा (SATINDERPAL SINGH TUTEJA)आ. महेंदर पाल सिंह टुटेजा दर्ज है जबकि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम जौंटी टुटेजा (JONTI TUTEJA) आ. महेंदर पाल सिंह टुटेजा दर्ज है। यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। अब से केवल एक ही नाम सतिन्देरपाल सिंह टुटेजा SATINDER-PAL SINGH TUTEJA) आ. महेंदर पाल सिंह टुटेजा से जाना-पहचाना व पुकारा जाये एवं समस्त शासकीय/अर्धशासकीय दस्तावेजो में दर्ज किया जावे. उक्त नाम परिवर्तन सुचना छ.ग. के राजपत्र में प्रकाशन हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है। सुचना जाने

**शपथकर्ता**
**सतिन्देरपाल सिंह टुटेजा**
**आ. महेंदर पाल सिंह टुटेजा**
**निवासी बी.बी. 13 वार्ड नं 27**
**कैलाश नगर शहर तहसील**
**जिला राजनांदगाँव छत्तीसगढ़**


## राष्ट्रीय सेवा योजना, सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पं. शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, सुरगी राजनांदगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम - ढोड़िया राजनांदगांव में दिनांक 20 से 26 मार्च 2026 तक आयोजित किया गया, जिसके समापन समारोह मे मुख्य अतिथि दिल्लु राम साहू सरपंच ग्राम-पंचायत- ढोड़िया विशिष्ट अतिथि श्री सत्यावान निषाद पंच, श्री देव साहू इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़, श्री बिहारी लाल पटेल ग्राम अध्यक्ष उपस्थिति रहें7 रा से यो का सात दिवसीय कैम्प डॉ. विनम्रता जैन अधिष्ठाता पं. शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं डॉ. शिवाजी लिमजे राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. छविराज बघेल, डॉ. नेहा के मार्गदर्शन मे 50 स्वयंसेवक के उपस्थित में संपन्न हुआ, इस सात दिवसीय विशेष शिविर में बौद्धिक चर्चा में उपस्थित श्री पुष्कर राज बक्शी ने स्वयंसेवको को राष्ट्र निर्माण विजन 2047 में योगदान देने के लिए मार्गदर्शन दिये, डॉ. अजय श्रीवास्तव आयुर्वेदिक महाविद्यालय मनकी एवं डॉ प्रज्ञा ने बच्चों को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दिये, श्री हेमन्त तिवारी ने बच्चों को योगा से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी दिये, कार्यक्रम में , डॉ.डिकेश्वर निषाद ने स्वयंसेवको को करियर एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी दी, कैम्प में समस्त ग्रामवासियों को स्वच्छता, साफ-सफाई, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, नशा मुक्ति अभियान, यातायात नियमों की जानकारी , वृक्षारोपण ,योगा, बेटी बचाओ-बेटी बढ़ाओ, सायबर क्राइम, कुपोषण की जानकारी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एवं राज्य की महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं रक्तदान की जानकारियों के प्रति जागरूक किये.

## ज्ञान मंथन

*1) उत्तर प्रदेश के किस शहर को 2025 में यूनेस्को क्रिएटिव सिटी ऑफगैस्ट्रोनॉमी घोषित किया गया है?*
*2) वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में किस देश ने पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया?*
*3) नेशनल गोपाल रत्न अवाड्र्स भारत में किस क्षेत्र में सर्वोच्च सम्मान माने जाते हैं?*
*4)अल्बर्ट एक्का ब्रिगेड, जिसने हाल ही में अपना 56वां स्थापना दिवस मनाया, ने 1971 के युद्ध के दौरान किस सेक्टर से लड़ाई लड़ी थी?*
*5) कोइलाकैंथ क्या है, जो हाल ही में समाचारों में था?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) लखनऊ (2) ब्राजील (3) पशुपालन और डेयरी क्षेत्र (4) त्रिपुरा (5) प्रागैतिहासिक लोब-फिन मछली

# सोशल मीडिया इफेक्टः अपेक्षा से कम रही नवरात्र भीड़, देवी दर्शन के लिए पहुंचें 9 लाख श्रद्धालु

## अंतिम दिन अव्यवस्था व कमजोर पुलिसिंग से मीना बाजार को करना पड़ा बंद

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** चैत्र नवरात्र पर्व का समापन शुक्रवार देर रात नीचे मां बम्लेश्वरी मंदिर में ज्योति कलश विसर्जन के साथ संपन्न हुआ। इस बार पर्व में श्रद्धालुओं की संख्या अनुमान से कम रही। मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति और प्रशासन ने करीब 12 लाख दर्शनार्थियों के पहुंचने की उम्मीद जताई थी, लेकिन नौ दिनों में लगभग 9 लाख श्रद्धालु ही देवी दर्शन के लिए पहुंचे। पर्व के शुरुआती दिनों में अपेक्षित भीड़ नहीं दिखी। खासतौर पर पंचमी के दिन भी मंदिर में भक्तों का सैलाब नहीं उमड़ा, जो पिछले वर्षों की तुलना में अलग स्थिति रही। ट्रस्ट के अनुसार, सोशल मीडिया पर पुराने वीडियो को वर्तमान बताकर वायरल किए जाने से भीड़ को लेकर भ्रम की स्थिति बनी, जिसका असर श्रद्धालुओं की संख्या पर पड़ा। हालांकि, पंचमी के बाद स्थानीय मीडिया और जागरूक नागरिकों द्वारा वास्तविक स्थिति स्पष्ट किए जाने के बाद छठ से अष्टमी तक श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई। पहले पांच दिनों में जहां लगभग 4 लाख लोग पहुंचे, वहीं अंतिम चार दिनों में यह आंकड़ा 5 लाख से अधिक हो गया।

ऊपर मंदिर की माई ज्योत सुबह 4 बजें हुई विसर्जित- अष्टमी के अवसर पर गुरुवार सुबह 4 बजे ऊपर मंदिर में माई ज्योत का विसर्जन ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सीपी मिश्रा और ट्रस्टी गौतम चोपड़ा द्वारा किया गया। वहीं, नीचे मंदिर में ज्योति कलश विसर्जन की प्रक्रिया शुक्रवार रात साढ़े 11 बजे शुरू हुई। इससे पहले ज्योत उठाने वाली महिलाओं के पारंपरिक विधि-विधान के तहत बाल खोलकर ओटी भरी गई। इसके बाद 901 ज्योति कलश सिर पर रखकर महिलाएं महावीर तालाब की



ओर विसर्जन के लिए निकलीं। इस आकर्षक और भक्तिमय झांकी को देखने ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग देर रात तक मौजूद रहे। थमी रही ट्रेनों की आवाजाही, 3 घंटे में पूरी हुई प्रक्रिया- शीतला मंदिर की ज्योतों के मिलन से पहले रेलवे ट्रैक पर सुरक्षा के मद्देनजर ट्रेनों की आवाजाही अस्थाई रूप से रोकी गई। इस दौरान रेलवे अधिकारी मौके पर तैनात रहे, जिससे करीब दो घंटे तक केवल मालगाड़ियों का संचालन प्रभावित हुआ। महावीर तालाब से नीचे मंदिर तक विसर्जन की पूरी प्रक्रिया रात 3 बजे तक चली। इस दौरान नीचे मंदिर की 901, शीतला मंदिर की 61 और शहर के अन्य मंदिरों की ज्योतों का विसर्जन किया गया। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने लगातार आठवीं बार ज्योत उठाने की परंपरा निभाई। कमजोर पुलिसिंग से हावी रहे असामाजिक तत्व, मीना बाजार समय से पहलें करना पड़ा बंद- इधर, मेले में लगे मीना बाजार की व्यवस्था अंतिम दिन फिर सवालों के घेरे में रही। कमजोर पुलिसिंग के चलते आधी रात से पहले ही बाजार बंद करना पड़ा। शराब के नशे में धुत युवकों और असामाजिक तत्वों ने हंगामा किया, बिना टिकट झूलों में चढ़ गए और माहौल बिगाड़ दिया। जबकि बाजार में पुलिस बल की तैनाती थी, फिर भी स्थिति नियंत्रण में नहीं दिखी। रात करीब 12 बजे झूले बंद कर दिए गए, जिसके बाद दुकानदारों ने भी अपना सामान समेट लिया। कुछ पुलिसकर्मी वर्दी में अपने परिचितों को मुफ्त प्रवेश दिलाते भी नजर आए।

यातायात व्यवस्था को लेकर लोगों में दिखी नाराजगी- वहीं, इस बार यातायात व्यवस्था को लेकर भी लोगों में नाराजगी देखी गई। दोपहिया वाहनों को नीचे मंदिर पार्किंग तक जाने की अनुमति नहीं दी गई। अंडरब्रिज और टूरिस्ट लॉज के पास मुख्य मार्ग पर पुलिस और आईटीबीपी के जवानों ने सख्ती से रोक लगा दी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी इसका सामना करना पड़ा। वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद के. विनायक राव ने सोशल मीडिया पर पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे को भी पहचान बताने के बावजूद रोका गया और काफी बहस के बाद ही उन्हें जाने दिया गया। वाहन पास होने के बावजूद स्थानीय लोगों को पैदल चलना पड़ा, जिससे शहरवासियों में नाराजगी स्पष्ट रूप से देखी गई।

## रवि साहू को जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव का महामंत्री बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर

**खुज्जी ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद सदस्य डोगरगांव श्री रवि साहू को जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव का महामंत्री नियुक्त किए जाने पर पूरे



क्षेत्र में हर्ष का माहौल व्याप्त है। उनके इस महत्वपूर्ण मनोनयन पर जनप्रतिनिधियों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। बधाई संदेशों में कहा गया है कि श्री रवि साहू का यह चयन संगठन के प्रति उनके निरंतर समर्पण, सक्रियता एवं निष्ठा का परिणाम है। उन्होंने लंबे समय से पार्टी के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए अपनी अलग पहचान बनाई है। उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता से संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। कांग्रेसजनों ने विश्वास व्यक्त किया है कि श्री साहू अपने नए दायित्व का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे तथा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देंगे। साथ ही, उनके मार्गदर्शन में पार्टी की गतिविधियों को नई दिशा और गति प्राप्त होगी। इस अवसर पर समस्त क्षेत्रवासियों एवं कांग्रेस परिवार ने उनके उज्ज्वल भविष्य, सफल कार्यकाल एवं निरंतर प्रगति की कामना की है।

## सुमित्रा बाई साहू का आकस्मिक निधन, शोकसभा में समाज और नेता हुए शामिल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद पंचायत के सहायक ग्रेड-3



अधिकारी श्री अखिलेश साहू की धर्मपत्नी श्रीमती सुमित्रा बाई साहू का 28 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दोपहर 1 बजे देवरसुर (मोहला) में संपन्न हुआ। शोकसभा में पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव, राजनांदगांव संरक्षक, जनपद पंचायत राजनांदगांव, सरपंच सिघोला मुकेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष सरपंच संघ, ढोडिया सरपंच दिल्लू साहू, कोटराभांटा सरपंच डान साहू, सरपंच प्रतिनिधि गौरी कृतलाल पटेल, धामनसरा जनपद सदस्य मोहला, श्रीमती अनिता जसवाल, सरपंच प्रतिनिधि देवकुमार साहू, पूर्व सरपंच देवरसुर द्वारिका शोरी सहित साहू समाज के पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की।

## निधन

**फूलचंद जी बाफना**

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगाँव के पूर्व महापौर एवं जैन समाज के प्रतिष्ठित समाज सेवी श्री अजित जैन के ससुर जी श्री फूलचंद जी बाफना ( गीदम निवासी ) का लम्बी बीमारी के बाद आज दोपहर 1 बजे निधन हो गया है । श्री बाफना जी लम्बे समय से राजनांदगाव में निवास रत थे । उनकी अंतिम यात्रा संध्या 4.30 बजे अजित जैन के निवास स्थान आरा मशीन रोड भाजपा कार्यालय के पीछे राजनांदगाव से मठपारा शमशान घाट जाएगी ।

# बृजकिशोर सुरजन उदयाचल के अध्यक्ष मनोनित

## अतुल रायचा को सचिव - अशोक मोदी को कोषाध्यक्ष की पुन: जिम्मेदारी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नेत्र चिकित्सा तथा अन्य चिकित्सा सेवा के माध्यम से अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाली प्रदेश की अग्रणी धर्मार्थ सेवा संस्था उदयाचल के आगामी सत्र 2026- 27 हेतु नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है जिसमें आगामी अध्यक्ष हेतु गायत्री





विद्यापीठ के अध्यक्ष के साथ कई समाजसेवी - स्वयंसेवी संस्थाओं से संबद्ध बृजकिशोर सुरजन को महती जिम्मेदारी प्रदान की गई है जबकि सचिव पद हेतु अतुल रायचा तथा कोषाध्यक्ष पद हेतु अशोक मोदी को पुन: मनोनीत किया गया है ! गत रविवार को संपन्न सामान्य सभा में संरक्षक मंडल सदस्य श्री चतुर्भुज ठक्कर ,श्री उत्तमचंद जैन तथा पद्मश्री डॉ.पुखराज बाफना द्वारा सर्वसम्मति से उदयाचल के साथ साथ नेत्र चिकित्सालय , महिला मंडल,युवा मंडल तथा बहु मंडल कार्यकारिणी की घोषणा डॉ. पुखराज बाफना द्वारा की गई , उपस्थित सदस्यों द्वारा करतल ध्वनि से नई टीम को शुभकामनाएं तथा बधाइयां दी गई !

उदयाचल कार्यकारिणी - निवृतमान अध्यक्ष राजेंद्र बाफना , अध्यक्ष एवं भवन निर्माण प्रभारी बृजकिशोर सुरजन ,उपाध्यक्ष विनोद रायचा,सचिव अतुल रायचा,सह सचिव हरीश अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष अशोक मोदी , सह कोषाध्यक्ष प्रकाश श्रीश्रीमाल , नेत्र चिकित्सालय प्रभारी डॉ. पुखराज बाफना , भवन प्रभारी प्रभात कोटड़िया,व्यवस्था प्रभारी विनोद डड्डा , युवा संगठन प्रभारी गौतम बाफना , सूचना प्रकाशन प्रभारी गुरदीप सिंह बग्गा,विधि सलाहकार धर्मेंद्र जैन ,सांस्कृतिक प्रभारी शरद अग्रवाल ,कार्यकारिणी सदस्य इंदरचंद कोठारी ,हरीश जैन , विनेश चोपड़ा ,पवन लोहिया , बालचंद पारख ,भरत डाकलिया तथा राजकुमार अग्रवाल !इसी तारतम्य में उदयाचल की अन्य सहयोगी संस्थाओं की नई टीम इस प्रकार है - नेत्र चिकित्सालय - प्रभारी डॉ.पुखराज बाफना ,प्रमुख सलाहकार - उत्तमचंद जैन , ष्ठ.ह्न.क्क कोर्स तथा फंड रेजिंग - डॉ.नवीन बाफना ,ह्व.क्क. ॥ प्रभारी राजेंद्र बाफना , साइट सेवर प्रभारी विनेश चोपड़ा,दंत - स्किन चिकित्सा प्रभारी ओमप्रकाश डागा , फिजियोथैरेपी प्रभारी नंदकिशोर खंडेलवाल , होमियोपैथी प्रभारी गुरमुखदास वाधवा , मेडिकल शॉप प्रभारी प्रकाश श्रीश्रीमाल, स्वास्थ्य शिविर प्रभारी बालचंद पारख, नेत्र शिविर - मोबाइल वैन प्रभारी सुदामा मोटलानी , भोजन व्यवस्था प्रभारी प्रकाश रंगारी , सौर ऊर्जा प्रभारी संतोष सावा , वाहन रखरखाव प्रभारी त्रिलोचन सिंह बग्गा ! उदयाचल महिला संगठन कार्यकारिणी - निवृत्तमान अध्यक्ष -भारती बाफना , अध्यक्ष - साधना खंडेलवाल , सचिव - शशि अग्रवाल , कोषाध्यक्ष - कंचन डाकलिया , उदयाचल युवा संगठन - अध्यक्ष अक्षय रायचा,उपाध्यक्ष अर्पण कोठारी ,सचिव सम्यक बाफना ,कोषाध्यक्ष प्रयास श्रीश्रीमाल ,सांस्कृतिक प्रभारी लक्ष्य बाफना , बहु - मंडल अध्यक्ष किरण कांकरिया ,सचिव श्रीमती विनीता हरिहारनो ,कोषाध्यक्ष प्रणीति कोठारी ! उपरोक्त जानकारी उदयाचल नवनियुक्त संवाद प्रभारी गुरदीप सिंह बग्गा द्वारा प्रदान की गई !

## राजनांदगांव संभाग के डाकघरों में अंतर्राष्ट्रीय पार्सल सेवा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डाक विभाग द्वारा नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए राजनांदगांव संभाग अंतर्गत आने वाले




प्रधान डाकघर एवं उपडाकघरों में अंतर्राष्ट्रीय पार्सल, दस्तावेज एवं अन्य सामग्री की बुकिंग सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। इस सुविधा के माध्यम से नागरिक अपने पार्सल, दस्तावेज एवं अन्य सामग्री को विश्व के विभिन्न देशों में सुरक्षित, सरल एवं व्यवस्थित प्रक्रिया के माध्यम से भेज सकते है। डाक विभाग की यह सेवा पूर्णत: सुरक्षित, पारदर्शी एवं विश्वसनीय है। पार्सल की सुरक्षित हैंडलिंग, उचित पैकेजिंग संबंधी मार्गदर्शन तथा समयबद्ध सेवा प्रदान की जाती है। साथ ही ऑनलाईन ट्रैकिंग की सुविधा भी प्रदान की जाती है। इन डाकघरों में बुकिंग हेतु नागरिक अपना पार्सल, प्राप्तकर्ता का पूर्ण एवं सही पता तथा वैध पहचान पत्र प्रस्तुत कर एवं पार्सल का वजन एवं निर्धारित शुल्क जमा कर ट्रैकिंग रसीद प्राप्त कर सकते है। ट्रैकिंग रसीद के माध्यम से पार्सल की स्थिति ऑनलाईन देखी जा सकती है। डाक विभाग द्वारा बड़ा एवं भारी अंतर्राष्ट्रीय पासल के लिए डाकघर तक नि:शुल्क पिकअप की सुविधा प्रदान की जा रही है। नागरिक, व्यापारी, विद्यार्थी एवं प्रवासी परिवार इस सुविधा का लाभ ले सकते है।

# जनता की समस्या छोड़, भाजपा प्रशिक्षण में व्यस्त, आखिर किस बात का संगठन : डॉ. प्रकाश शर्मा

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए जिला कांग्रेस के पूर्व सचिव डॉ. प्रकाश शर्मा ने कहा कि गैंदाटोला क्षेत्र की जनता आज भी सड़क, रोजगार, शिक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाओं जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रही है, लेकिन सत्ता में बैठी भाजपा सरकार और उसके जनप्रतिनिधि इन समस्याओं के समाधान के बजाय कार्यकर्ता प्रशिक्षण और संगठनात्मक कार्यक्रमों में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि जब सड़कें जर्जर हों, विकास कार्य ठप पड़े हों, ग्रामीण परेशान हों और जनप्रतिनिधि मौन हों, तब ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का औचित्य समझ से परे है। डॉ. शर्मा ने सवाल उठाया कि जो भाजपा सरकार सत्ता में रहते हुए भी जनता की बुनियादी समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रही, वह आखिर किस आधार पर जनता से समर्थन मांग रही है। डॉ. शर्मा ने आरोप लगाया कि गैंदाटोला में आयोजित यह तथाकथित प्रशिक्षण कार्यक्रम वास्तव में जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने का एक प्रयास मात्र है। उन्होंने कहा कि जनता को नारे और भाषण नहीं, बल्कि सड़क, रोजगार और मूलभूत सुविधाएं चाहिए। उन्होंने बताया कि गैंदाटोला और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर सड़कें, अधूरे विकास कार्य, जनसुविधाओं का अभाव और वर्षों से लंबित मांगें आज भी जस की तस बनी हुई हैं। जबकि भाजपा सरकार, विधायक, सांसद और



संगठन सभी एक ही सत्ता संरचना में हैं, इसके बावजूद क्षेत्र का विकास नहीं हो पा रहा है, जो यह दर्शाता है कि भाजपा की प्राथमिकता जनता नहीं, बल्कि केवल चुनावी गणित है। डॉ. शर्मा ने यह भी कहा कि विगत दिनों सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा रायपुर मंत्रालय जाकर मंत्रियों को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन उस पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे स्पष्ट है कि सरकार जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेने के बजाय उन्हें नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने की बात कर रही है, लेकिन जनता पूछ रही है— गांव की सड़क कब बनेगी, युवाओं को रोजगार कब मिलेगा, ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कब होगा और क्षेत्र में महाविद्यालय कब खुलेगा। डॉ. प्रकाश शर्मा ने कहा कि सच्चाई यह है कि संगठन जनता से बनता है, पोस्टर और प्रशिक्षण से नहीं; और विश्वास काम से बनता है, भाषणों से नहीं। भाजपा ने विकास के बड़े-बड़े दावे जरूर किए, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि जनता आज भी संघर्ष कर रही है और भाजपा केवल प्रचार में लगी हुई है। उन्होंने मांग की कि जर्जर सड़कों का तत्काल सर्वे कर मरम्मत एवं निर्माण कार्य शुरू किया जाए, लंबित विकास कार्यों की सार्वजनिक समीक्षा की जाए, जनप्रतिनिधि जनता के बीच खुली बैठक कर जवाब दें, जनसमस्या समाधान शिविर लगाए जाएं और सभी समस्याओं के समाधान की समयसीमा घोषित की जाए। अंत में डॉ. शर्मा ने कहा कि यदि भाजपा जनता का विश्वास नहीं जीत सकती और मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती, तो उसके प्रशिक्षण और संगठनात्मक कार्यक्रमों का कोई नैतिक औचित्य नहीं बचता। अब जनता जाग चुकी है और वह भाजपा के नारों से नहीं, बल्कि अपने अनुभव और विकास कार्यों के आधार पर फैसला करेगी। गैंदाटोला की जनता जवाब भी मांगेगी, हिसाब भी मांगेगी और समय आने पर बदलाव भी करेगी।

## धर्म समाचार....

# कई समस्याओं से मिलेगी तुरंत मुक्ति, सोम प्रदोष पर करें नटराज स्तुति, महादेव हरेंगे सभी संकट


धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, प्रदोष व्रत करने से साधक को मानसिक शांति, उत्तम स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। यह व्रत हर माह की दोनों त्रयोदशी तिथियों पर किया जाता है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा प्रदोष काल में करने का विधान है। पूजा के बाद यदि आप नटराज स्तुति और शिव जी के मंत्रों का जप करते हैं, तो इसे विशेष फलदायी माना जाता है। चलिए जानते हैं शिव जी की कृपा प्राप्ति के कुछ खास तरीके।

**इस तरह करें पूजा**

सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि से निवृत हो जाएं और व्रत का संकल्प लें। यदि संभव हो तो शिव जी के मंदिर जाकर या घर पर ही शिवलिंग का अभिषेक करें। प्रदोष काल में पुन: स्नान कर साफ-सुथरे कपड़े पहनें। इस दिन पूजा का मुहूर्त शाम 6 बजकर 38 मिनट से रात 8 बजकर 57 मिनट तक रहने वाला है। शिवलिंग पर पंचामृत (गंगाजल, दूध, दही, शहद और घी) से अभिषेक करें। शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा और अक्षत, फूल और नैवेद्य आदि अर्पित करें। पूजा के बाद शिव चालीसा और प्रदोष व्रत की कथा का पाठ करें।

**शुभ फल के लिए करें ये उपाय**

सोम प्रदोष व्रत के दिन शिवलिंग पर चंदन, बेलपत्र, गन्ने का रस और शहद आदि जरूर अर्पित करना चाहिए। प्रदोष व्रत की पूजा में इस सभी चीजों को पूरी श्रद्धा के साथ शिवलिंग पर अर्पित करने से साधक को महादेव का



आशीर्वाद मिलता है और उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

**नटराज स्तुति**

सत सृष्टि तांडव रचयिता
नटराज राज नमो नम: ।
हे आद्य गुरु शंकर पिता
नटराज राज नमो नम: ॥
गंभीर नाद मृदंगना
धबके उरे ब्रह्माडना ।
नित होत नाद प्रचंडना
नटराज राज नमो नम: ॥
शिर ज्ञान गंगा चंद्रमा
चिद्ब्रह्म ज्योति ललाट मां ।
विषनाग माला कंठ मां
नटराज राज नमो नम: ॥
तवशक्ति वामांगे स्थिता
हे चंद्रिका अपराजिता ।
चहु वेद गाए संहिता
नटराज राज नमो: ॥

**शिव जी के मंत्र**

1. ? नम: शिवाय
2. ? नमो भगवते रूद्राय
3. ? तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्र: प्रचोदयात
4. ? त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्
उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात
5. कर्पूरगौरं करुणावतारं
संसारसारम् भुजगेन्द्रहारम् ।
सदावसन्तं हृदयारविन्दे
भवं भवानीसहितं नमामि

## भूलकर भी न खाएं ये चीजें, वरना खंडित हो सकता है आपका एकादशी व्रत

हिंदू धर्म में एकादशी व्रत को सभी व्रतों में सर्वश्रेष्ठ माना गया है। यह भगवान विष्णु को समर्पित है। इस दिन पूजा-पाठ और व्रत करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही भगवान विष्णु का आशीर्वाद मिलता है। हालांकि एकादशी का व्रत जितना फलदायी है, इसके नियम उतने ही कठिन हैं। अक्सर साधक अनजाने में कुछ ऐसी चीजों का सेवन कर लेते हैं, जिससे उनका व्रत खंडित हो जाता है और उन्हें व्रत का पूरा फल नहीं मिलता है। आइए इस आर्टिकल में जानते हैं कि एकादशी व्रत के दौरान किन चीजों से बचना चाहिए?



**चावल**- एकादशी के दिन चावल खाने की मनाही होती है। पौराणिक कथा के अनुसार, इस दिन चावल का सेवन करना 'महर्षि मेधा के मांस' के सेवन के समान माना जाता है। धार्मिक दृष्टि से चावल में जल का अंश अधिक होता है और चंद्रमा का प्रभाव इस पर ज्यादा पड़ता है, जिससे मन चंचल होता है और व्यक्ति की एकाग्रता कम होती है।

**दाल**- केवल चावल ही नहीं, बल्कि एकादशी पर मसूर की दाल, चने की दाल और उड़द की दाल का सेवन भी नहीं करना चाहिए। इन्हें तामसिक माना गया है।

**लहसुन और प्याज**- किसी भी सात्विक व्रत की तरह एकादशी में भी लहसुन और प्याज का सेवन पूरी तरह वर्जित है। ये तामसिक भोजन की श्रेणी में आते हैं, जो शरीर में आलस्य और मन में अशुद्ध विचार पैदा करते हैं।

**सब्जियां**- धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, एकादशी के दिन बैंगन, मूली और पत्तागोभी जैसी सब्जियों का सेवन नहीं करना चाहिए। इन्हें अशुद्ध माना गया है, जो व्रत के दौरान आध्यात्मिक ऊर्जा के लिए ठीक नहीं है।

**नमक**- इस पावन तिथि पर सामान्य सफेद नमक का उपयोग नहीं करना चाहिए। इसके स्थान पर केवल सेंधा नमक का ही प्रयोग करना चाहिए। **एकादशी व्रत के नियम**- एकादशी का व्रत केवल एक दिन का नहीं होता। इसके नियम दशमी तिथि की रात से ही शुरू हो जाते हैं। इसलिए दशमी की रात से तामसिक चीजों से दूरी बना लें। इस दिन केवल खान-पान ही नहीं, बल्कि विचारों की पवित्रता भी जरूरी है। ऐसे में किसी की निंदा न करें, क्रोध से बचें और पूर्ण रूप से ब्रह्मचर्य का पालन करें। भगवान विष्णु की पूजा तुलसी के बिना अधूरी मानी जाती है, लेकिन याद रखें कि एकादशी के दिन तुलसी के पत्ते नहीं तोड़ने चाहिए।

nandgaon times march-30-4.qxd 3/29/2026 10:59 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# भगवान महावीर के सिद्धांतों का पालन करती हुई सदभावना पदयात्रा निकली

## महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव , दिन भर होते रहे विविध आयोजन

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** नगर में सकल जैन श्री संघ द्वारा 27 से 31 मार्च तक महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया जा रहा है। महोत्सव के तीसरे दिन आज सुबह छह बजे गंज लाइन स्थित दिगंबर जैन मंदिर परिसर से अहिंसा पदयात्रा निकली जो नगर भ्रमण करती हुई सदर बाजार से होकर जैन बगीचा पहुंचकर संपन्न हुई। महोत्सव के तहत कल 28 मार्च को तात्कालिक भाषण एवं म्यूजिकल हाऊजी के आयोजन बहुत शानदार हुआ एवं इस कार्यक्रम का दर्शकों ने खूब लुत्फ उठाया।आज 29 मार्च रविवार को भी दिन भर कार्यक्रम होते रहे। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत प्रतिदिन विविध कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। सकल श्री जैन संघ के अध्यक्ष विनय डड्ढा, उपाध्यक्ष अशोक झांझरी, सचिव अजय सिंगी एवं कोषाध्यक्ष खुशालचंद पारख तथा आयोजन सिमिति के संजोयक मिश्रीलाल गोलछा, सह संयोजक विजय कांकरिया, उपाध्यक्ष नरेश बैद , सचिव गौतम बाफ्ना ,सहसचिव अतिन जैन, कोषाध्यक्ष सीए ऋषभ नाहटा, श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी तथा आयोजन से जुड़े ललित भंसाली,भावेश बैद एवं रोशन गोलछा और जीवन जैन ने बताया कि महोत्सव के तीसरे दिन 29 मार्च रविवार को सुबह 6:00 श्री दिगंबर जैन मंदिर से सद्भावना पदयात्रा का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में सकल जैन समाज के लोग शामिल हुए। इस यात्रा में महिलाएं एवं पुरुष नंगे पैर नगर भ्रमण करते हुए तथा भगवान महावीर



के संदेशों का प्रचार प्रसार करते हुए जैन बगीचा पहुंचे। इसके बाद सुबह 8:30 बजे से समता भवन में चरित्राचार की साधना हुई जिसमें सामूहिक सामयिक सकल संघ के सदस्यों द्वारा काफ़ी बड़ी संख्या में किया गया। दोपहर 12:15 से 2:00 बजे तक वीर प्रसादम का आयोजन गुरुद्वारा चौक में हुआ तथा दोपहर 1:00 बजे से 3:00 तक वीर प्रसादम एवं शरबत वितरण का आयोजन जैन स्थानक भवन सदर बाजार में हुआ । दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक जैन बगीचे के नए हाल में किड्स कार्निवल जो की एयरपोर्ट थीम पर आयोजित हुआ एवं 400 से अधिक बच्चों ने भाग लिया एवं बहुत से गिफ्ट जीते । शाम पीकेआज ही सुबह 10:00 से 11 :30 बजे तक महावीर कल्प वृक्ष जिनालय में भगवान महावीर पंचकल्याणक पूजा भी हुई 4:00 से 6:00 बजे तक महावीर वृद्धाश्रम में फल वितरण का कार्यक्रम हुआ। महावीर जनकल्याणक महोत्सव के चौथे दिन 30 मार्च सोमवार को सुबह 6:00 जीव दया यात्रा वर्धमान स्थानक भवन सदर बाजार से प्रारंभ होगी। सुबह 8:45 से 9:45 तक नए हाल जैन बगीचे में सामूहिक नवकार जाप होगा। दोपहर 12:15 बजे तपाचार की साधना नेम भवन जैन बगीचे में होगी। दोपहर 12 : 15 बजे से 2:00 बजे तक वीर प्रसादम का आयोजन दिल्ली दरवाजा पोस्ट ऑफिस चौक के पास होगा। दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक जैन बगीचे के नए हाल में धार्मिक अंताक्षरी का आयोजन होगा। शाम 7:00 बजे से जैन बगीचे में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

# समाज व राजनीति में सक्रिय विष्णु लोधी बने कांग्रेस के जिला सचिव

## जिला सचिव नियुक्ति पर विष्णु लोधी का आभार, संगठन मजबूती का लिया संकल्प

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी जिला कार्यकारिणी में छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी को जिला सचिव नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष श्री दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष श्री चरण दास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री श्री भुपेश बघेल एवं जिला अध्यक्ष श्री विपिन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है। विष्णु लोधी ने कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ संगठन के प्रति और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने एवं किसानों, युवाओं और आम जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाने का संकल्प दोहराया। वहीं, उनके जिला सचिव बनने पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं इष्ट मित्रों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, विधायक भोला राम साहू, पूर्व ऊर्जा मंत्री धनेश पटीला, पूर्व विधायक प्रकाश यादव, पूर्व विधायक छन्नी साहू,शहर अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार,नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, प्रदेश



महामंत्री शाहीद भाई, प्रदेश प्रवक्ता दुबे,प्रदेश सचिव थानेश पाटीला, जिला पंचायत सदस्य विभा साहू,लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं—मुरली वर्मा, पंकज बांधों, राहुल तिवारी, धीरज मेश्राम, जितेन्द्र सिंह भाटिया, विजय राज सिंह, शिशुपाल भारती, विरेन्द्र बोरकर, नियाजुद्दीन, हरीश भंडारी, पंचराम चंदेल,टीकेश साहू ,धर्मेन्द्र साहू, मदन मंडावी, नरेश यादव, रिखी राम लिल्हारे, रिमि भाटिया,जय वर्मा ,पीयूष दुबे,हीरा सोनी, तरूण सिन्हा, भगवती वर्मा, विश्राम वर्मा, बाबू लाल वर्मा,जोहन वर्मा, जगेश्वर उइके, नरेश उइके,राममुरत वर्मा,पुषाऊ वर्मा, संजीव गोमास्ता,नरेश करसे,यतीम खान,सहित अन्य साथियों ने भी बधाई दी। अंत में विष्णु लोधी ने सभी वरिष्ठजनों, साथियों एवं शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी के विश्वास पर खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करेंगे तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

# सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष बने हरीश अग्रवाल

## सुरेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष मनोनीत

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री सत्यनारायण मंदिर समिति की सामान्य सभा में सर्वसम्मति से आगामी तीन वर्षों के लिए हरीश अग्रवाल को अध्यक्ष एवं सुरेश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। यह निर्णय पूर्व अध्यक्ष अशोक लोहिया के कार्यकाल पूर्ण होने के पश्चात लिया गया। समिति की सामान्य सभा में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से दोनों पदाधिकारियों के नाम का अनुमोदन किया तथा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभा में उपस्थित जनों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके कार्यकाल में मंदिर एवं धर्मशाला नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे। नवनियुक्त





अध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता मंदिर एवं धर्मशाला के विकास, व्यवस्था एवं सुविधाओं का विस्तार करना रहेगा। उन्होंने कहा कि समिति के सभी सदस्यों के सहयोग से मंदिर परिसर को और अधिक व्यवस्थित एवं उपयोगी बनाया जाएगा। समिति की सामान्य सभा में यह भी जानकारी दी गई कि जल्द ही नई कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों की घोषणा की जाएगी। सभा में उपस्थित लोगों ने कहा कि समिति के नए नेतृत्व से मंदिर की गतिविधियों एवं धर्मशाला के संचालन में और अधिक मजबूती आएगी। उक्त जानकारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# एनबीआईएस स्कूल बोरी में प्ले ग्रुप एवं नर्सरी क्लास हेतु नि:शुल्क बस सुविधा

**राजनॉदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नीरज वाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी (9340280363) में प्लेग्रुप (प्री नर्सरी ) एवं नर्सरी क्लास में नव प्रवेशित बच्चों को राजनांदगांव से नि:शुल्क बस सुविधा इस वर्ष प्रदान की जा रही है इस वर्ष नर्सरी क्लास की संपूर्ण फीस 18000 एवं प्लेग्रुप( प्री नर्सरी) हेतु 14000 रु है जिसमें समस्त शुल्क शामिल है अर्थात नर्सरी क्लास हेतु मात्र 18000 एवं प्ले ग्रुप प्री नर्सरी हेतु मात्र 14000 रुपए पूरे वर्ष में फीस के रूप में जमा करना होगा बस सेवाएं नि:शुल्क रहेंगी प्लेग्रुप प्रवेश हेतु छात्र की उम्र 31 मार्च 2026 को 1 साल 6 माह से अधिक एवं नर्सरी प्रवेश हेतु 2 साल 6 महीने से अधिक होनी चाहिए . संस्था के संचालक नीरज बाजपेयी ने बताया कि प्लेग्रुप और नर्सरी के पालक इस छूट का लाभ उठा सकते हैं



इस हेतु सीमित सीट है जिसमें यह सुविधा प्रदान की जा रही है छोटे बच्चों को प्रोत्साहित करने एवं यहां की उच्च व्यवस्थाओं का लाभ उठाने हेतु यह ऑफर आगे नव प्रवेशित बच्चों को सीमित सीट हेतु प्रदान किया जा रहा है साथ ही संस्था में 11 वीं क्लास हेतु ह्यूमैनिटीज (आर्ट) विषय गत वर्ष से प्रारंभ किया गया है संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है इस संस्था में 40 बस एवं 10 छोटी गाड़ियां बच्चों को स्कूल लाने लेजाने के लिए उपयोग की जाती हैं साथ ही दूर दराज के छात्रों को सुबह दूध एवं गरम नाश्ते की सुविधा स्कूल में प्रदान की जाती है 11वीं में प्रवेश लेने वाले छात्रों को करियर गाइडेंस की नि:शुल्क सेवा करियर 9 टीम के द्वारा प्रदान की जाएगी जिससे बच्चे अपने जीवन लक्ष्य का चुनाव सही दिशा कर सकेंगे.

# भोलापुर में मंडल स्तरीय कर्मा जयंती कार्यक्रम आज

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** परिक्षेत्र साहू समिति भोलापुर एवं ग्रामीण साहू समाज भोलापुर के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 30 मार्च 2026 दिन



रविवार को भक्त मां कर्मा जयंती कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है । जिसके मुख्य अतिथि भोलाराम साहू विधायक खुज्जी , प्रमुख अतिथि श्रीमती किरण रविंद्र वैष्णव अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव श्रीमती छन्नी चंदू साहू पूर्व विधायक खुज्जी , संजय कुमार, सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया , कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे चुरामन दास साहू अध्यक्ष तहसील साहू छुरिया, विशिष्ट अतिथि के रूप में भुवनेश्वर प्र साद साहू पूर्व अध्यक्ष तहसील साहू संघ छुरिया , बालकिशन साहू उपाध्यक्ष तहसील छुरिया , श्रीमती कुमेशवरी साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ छुरिया ,शिशुपाल साहू संगठन सचिव तहसील साहू संघ छुरिया , श्रीमती कविता साहू संगठन सचिव तहसील साहू संघ छुरिया , उमेश साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र छुरिया , खिलेद्र साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र नागरकोहरा, हुकुम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र कल्लूबंजारी , वीरेंद्र साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र गेंदाटोला ,अशवनी साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र बेलरगोंदी , प्रकाश मोटघरे जनपद सदस्य किरगाहाटोला ,श्रीमती चमेली बाई ठाकुर सरपंच भोलापुर , मोहित सिन्हा ग्राम पटेल भोलापुर ,पूर्णानंद साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति भोलापुर होंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष कुमार साहू ,पंचराम साहू, ललित साहू , राम जी साहू ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे कलश एवं शोभायात्रा , 4:00 बजे अतिथियों का स्वागत उद्बोधन एवं 6:00 बजे प्रसादी वितरण का कार्यक्रम होना है । आयोजन समिति ने उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्वजातिय बांधुओ सहित ग्रामीणों को अधिक से अधिक से संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रॉंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

# शासन के भरोसे स्वास्थ्य सेवा: छुईखदान में महिला डॉक्टर की कमी बरकरार

## 107 पंचायतों का अस्पताल, फिर भी एक भी महिला डॉक्टर नहीं; डेढ़ साल से गायब पोस्टेड डॉक्टर पर भी कार्रवाई नहीं

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ के खैरागढ़-छुईखदान जिले के छुईखदान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। 107 पंचायतों और नगर पंचायत क्षेत्र की बड़ी आबादी को सेवाएं देने वाले इस अस्पताल में आज की स्थिति में एक भी महिला डॉक्टर उपलब्ध नहीं है, जिससे महिला मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्भवती महिलाओं सहित ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली महिलाओं को इलाज के दौरान असहज परिस्थितियों से गुजरना पड़ रहा है। कई मामलों में उन्हें बेहतर इलाज के लिए अन्य शहरों में रेफर किया जा रहा है, जिससे समय और आर्थिक दोनों तरह का अतिरिक्त बोझ बढ़ रहा है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा का कहना है कि महिला डॉक्टर की नियुक्ति के लिए शासन को पत्र भेजा जा चुका है और अब नियुक्ति शासन स्तर पर निर्भर है। वहीं सामुदायिक



स्वास्थ्य केंद्र के क्करूह्न मनीष बघेल के अनुसार, बॉन्ड पर पदस्थ महिला डॉक्टर का कार्यकाल फरवरी में समाप्त हो गया है और नई पोस्टिंग का इंतजार किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि अर्चना रात्रे नामक महिला डॉक्टर की पोस्टिंग तो यहां है, लेकिन वह पिछले डेढ़ साल से अनाधिकृत रूप से अस्पताल नहीं आ रही हैं, जो इस समस्या का एक बड़ा कारण है। मामले ने अब राजनीतिक रूप भी ले लिया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें इस विषय की जानकारी पहले नहीं थी, लेकिन अब वे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा कर महिला डॉक्टर की जल्द नियुक्ति के लिए पहल करेंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष नम्रता गिरिराज किशोर दास वैष्णव ने भी माना कि महिला डॉक्टर के अभाव में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस संबंध में अधिकारियों से चर्चा कर जल्द समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि महिलाओं को इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े। वहीं भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष आयश सिंह ने कहा कि उन्हें इस विषय की जानकारी अभी मिली है और वे प्रशासन व उच्च अधिकारियों से चर्चा कर इस समस्या का जल्द समाधान कराने का प्रयास करेंगे। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब एक महिला डॉक्टर की पोस्टिंग होने के बावजूद वह डेढ़ साल से अनुपस्थित हैं, तो इस पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

# रामनवमी के अवसर पर महाप्रसादी का आयोजन संपन्न

**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के वार्ड नंबर 8 भगत



सिंह चौक में स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में महाप्रसादी का आयोजन किया गया, श्री राम जी की आरती हनुमान जी की आरती हनुमान चालीसा पाठ, भारत माता की आरती तथा भजन कीर्तन बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया । काफी संख्या में भक्तगण शामिल हुए साथ ही महाप्रसाद वितरण किया गया । कार्यक्रम में नगर प्रखंड संयोजक मिथिल मंडावी, सह संयोजक रूपेश श्रीवास्तव सहित वार्ड के गणमान्यजन उपस्थित थे, यह कार्यक्रम विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल अंबागढ़ चौकी के द्वारा किया गया था।

# भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ ग्राम बोरी में मनाई गई भक्त माता कर्मा जयंती

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम बोरी में साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन बड़े ही श्रद्धा, उत्साह एवं धूमधाम के साथ स्थानीय कर्मा भवन में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत बोरी के सरपंच जीवन लाल साहू रहे, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम साहू समाज बोरी के अध्यक्ष किशन साहू ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश शोभा यात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं युवा



शामिल हुए। भजन मंडली की मधुर प्रस्तुति के साथ शोभायात्रा पूरे गांव में निकाली गई। गली-गली भ्रमण के पश्चात कर्मा माता की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती संपन्न की गई। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में भक्त माता कर्मा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके आदर्शों और कर्तव्यों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया गया। आभार प्रदर्शन खुमान दास साहू द्वारा किया गया। पूरा आयोजन शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com